20 साल बेमिसाल : नीतीश सरकार के विकासात्मक कार्यों की प्रस्तुतियोंने दर्शकों को किया प्रभावित

गयाजी। अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि 20 साल बेमिसाल नीतीश सरकार के विकासात्मक व जनकल्याणकारी योजनाएं की प्रस्तुति प्रदर्शनी में दिखाया गया। श्री कुमारने कहा कि प्रदर्शनीसे दर्शक काफी प्रभावित हुए। उनके मन में नीतीश कुमार के प्रति आस्था बरकरार दिखा।



20 साल बेमिसाल प्रदर्शनी सभी हाट बाजारमें लगाने से दर्शक प्रभावित होंगे। श्री कुमारने बताया कि प्रदर्शनी में कानूनका राज, शराब. बंदी, साइकिल- पोशाक योजना, हर घर गंगाजलकी आपूर्ति, हर घर तक पक्का नाली और गली, शौचालय, बिजली, महिला सशक्तिकरण आदि योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है।

प्रख्यात कथा वाचक प्रज्ञा भारती को पितृ शोक

गया जी। प्रख्यात कथा वाचक प्रज्ञा भारतीके पिता कल्याण दुबे का 19 अक्टूबर दिन सोमवार को निधन हो गया। उस समय प्रज्ञा भारती ज्ञान एवं मोक्ष की भूमि और अन्तर्राष्ट्रीय स्थल गया जी में समर्पण संस्थाके तत्वावधान में नवरात्रके पुनीत अवसर पर रामकथा से गया जी वासियों को सराबोर और आनंदित कर रही थी। इस कारण वो अपने पिता की अंतिम दर्शन नहीं कर पाई। उनके निधन पर बालेश भिक्षु ने अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री ने केंद्र सरकार पर वोट चोरी का लगाया आरोप

दिल्ली रैली में गया से हजारों कार्यकर्ताओं के शामिल होने का दावा

शेरघाटी (आससे)। शहर के जगलाल महतो नगर शेरघाटी स्थित गया जिला कांग्रेस कमेटी दक्षिणी भाग के कार्यालय में रविवार को 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसमें छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मारकम ने भाजपा और केंद्र सरकार पर मतदाताओं के वोट चोरी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगातार इस मुद्दे को उठा रहे हैं। कांग्रेस लोकतांत्रिक अधिकारों और संविधान की रक्षा के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगी।

मारकम ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमारकी भूमिकापर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि निर्वाचन प्रक्रियाके जरिए भाजपा को लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के शुद्धीकरण के नाम पर बड़ी संख्या में मतदाताओंके नाम हटाए जानेका मामला गंभीर है। कांग्रेस इस मुद्देको लेकर सदनसे सड़क तक आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से नाम हटाने के आरा.



पोंकी जांच होनी चाहिए और दोषियोंपर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने भाजपा पर राष्ट्रवाद और घुसपैठ के मुद्दे की आड़ में चुनिंदा मतदाताओं के नाम सूचीसे हटवानेका आरोप भी लगाया। मरकाम ने कहा कि कांग्रेस संविधान के सम्मान और नागरिकों के मताधिकार की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेगी।

इस मौके पर गया जिला कांग्रेस कमेटी दक्षिणी भाग के अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि आगामी एक नवंबरको दिल्लीमें आयोजित होने वाली रैली में शामिल होने के लिए गया जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक एकजुट हैं। उन्होंने दावा किया कि जिलेसे हजारोंकी संख्या में कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचेंगे। मौके पर अजीत कुमार सिंह, मो नजीब अख्तर महमूद आलम रिजवान क़मर राहुल चंद्रवंशी आदि मौजूद रहे।

आव...आव रे चांद, हमारे अंगना... काव्य संध्या का आयोजन

गयाजी। आज गया जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन आजाद पार्क गया जी में काव्य संध्या के 635 वां चरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभापति सुरेन्द्र सिंह सुरेंद्र और संचालन सहज कुमार ने किया। काव्य संध्या की शुभ शुरुआत करते विजय श्री ने कौमुदी महोत्सव की पूर्व संध्या पर सुनाया-वृंदावन के रास लग* हे मनभावन। श्री कृष्ण प्रेम पक्ष पर गजेन्द्र लाल अधीर ने सुनाया- आज प्रात: कटी न बजी बांसुरी। बिंदेश्व. री प्रसाद सिंह ने गजल आव* आव* रे चांद हमारे अंगना...सुनाकर सभा में भावविभोर कर दिया। अनिल कुमार गुप्ता ने कहा-कौमुदी दिन श्रीकृष्ण गोपियां संग रास रचाया था।

कवि विपिन बिहारी ने कहा- मुसिबतों का क्या... आती रहीं हैं गाहे बेगाहे।उदय सिंह ने कहा आश्विन की मधु पूर्णिमा मधुमेह बरसाती है। डा.राकेश कुमार सिन्हा 'रवि' ने कहा-धन्य मगध के घरती अमर रहतइ कैनाल मैन लौंगी भुईयां के नाम। इसके साथ ही साथ अरूण हरलीवाल,अरविंद कुमार, नरेंद्र सिंह,नन्द किशोर सिंह,अजीत कुमार,अतुलित उदय, शंकर प्रसाद,मो.जैक, डा राम परिखा सिंह,डा निरंजन श्रीवास्तव,बिनोद बरविगहिया,जयप्रकाश सिंह,सुमन विश्वकर्मा, डा अरूण कुमार,किशन कुमार ने उपस्थित होकर अपनी प्रस्तुति के माध्यम से कार्यक्रम को रसदार बनाया।

सभापति सुरेन्द्र सिंह सुरेंद्र ने कल रविवार को आयोजित कौमुदी महोत्सवको सभी को मिलकर सफल बनाने के लिए आहवान किया। धन्यवाद ज्ञापन करते सुमन्त ने कहा काव्य संध्या के माध्यम से गया जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन इतिहास रच रहा है,जिसे याद रखा जाएगा।

गया जिला जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिपका शानदार आगाज

राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन

गयाजी। गया जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में गया जिला जूनियर एथलेटिक्स चैपियनशिप 2026 का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रतियोगितामें अंडर-14 और अंडर-16 आयु वर्ग के बालक-बालि. काओंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियोंके प्रदर्शन के आधार पर 20वीं नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलीट मीटके लिए गया जिले की टीम का चयन किया जाएगा।

इस अवसर पर गया जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के जिला सचिव जितेंद्र कुमारने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलों में सफलता हासिल करनेके लिए निरंतर अभ्यास, अनुशासन और कड़ी मेहनत आवश्यक है। उन्होंने खिलाड़ियोंको भविष्यमें भी इसी लगन और समर्पणके साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

28 अक्टूबर को घोषित होगी गया जिला टीम। 20वीं नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलीट मीटका आयोजन 14 से 16 नवंबर 2026 तक वाक्सेन यूनिवर्सिटी, कामकोले, सदाशिवपेट, हैदराबाद, तेलंगाना में किया जाएगा। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गया जिलेके चयनित खिलाड़ी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। गया जिला एथलेटिक्स एसोसिएशनके अनुसार, गया जिला टीम की आधिकारिक घोषणा 28 अक्टूबर 2026 को की जाएगी। चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता के माध्यम से जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण अवसर मिला। गया जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन ने सभी प्रतिभागियों और चयनित खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन, सफलता और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



मृत्यु भोज जैसी कुप्रथा समाप्त करने पर यादव महासभा ने दिया जोर

बाराचट्टी (आससे)। जिले के बाराचट्टी प्रखंड अंतर्गत जयगीर पंचायत के बरंडीह गांव में रविवार को इंद्रदेव यादव के आवास पर अखिल भारतीय यादव महासभाकी बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने तथा सामाजिक एकताको मजबूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से मृत्यु भोज जैसी कुप्रथा को समाप्त करने, समाज में शिक्षाको बढ़ावा देने, दहेज प्रथाके उन्मूलन तथा आपसी मतभेदों को दूर कर समाजमें भाईचारा कायम करनेपर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक कुरीतियोंपर रोक लगाकर ही समाज. को आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से मजबूत बनाया जा सकता है।मौके पर इंद्रदेव यादव, सुदामा यादव, बालेश्वर यादव, दुखनी देवी, रघुनंदन यादव, छठु यादव समेत कई ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठकमें सभी ने सामाजिक सुधारके लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

बूम फुटबाल क्लब विजयी, मगध फुटबाल व हिंद स्पोर्टिंग का मैच बराबरी पर समाप्त

गयाजी। जिला फुटबाल लीग में आज दो मैच खेला गया। पहला मैच बूम फुटबाल क्लब ने बाल स्पोर्टिंग क्लब को एक शून्य से हराकर तीन अंक प्राप्त किया। दूसरा मैच सीनियर डिवीजन का मगध यूनाइटेड फुटबाल एकेडमी बनाम हिंद स्पाटिंग क्लब के बीच एक-एक की बराबरी पर समाप्त हुआ।

जिला लीगमें आज दोनों मैच काफी रोमांचक और संघर्ष वाला हुआ। पहला मैच बम फुटबाल क्लब और बाल स्पोर्टिंग क्लब के बीच मध्यांतर तक दोनों ही टीम में शून्य शून्यकी बराबरी पर रही तो दूसरे हाफमें बम फुटबाल क्लब के अमन कुमार अंकित कुमार रंजीत कुमार इन सबों ने काफी अच्छा प्रयास किया और इस प्रयास के दौरान मैच के 62 में मिनट पर बम फुटबाल क्लब के अमन कुमारने एक शानदार शाट लगाकर अपनी टीम को एक शून्य से आगे कर दिया और उसके बाद बाल स्पोर्टिंग क्लब के खिलाड़ियों ने बराबरी के लिए लगातार प्रयास किया परंतु गोल करने में कामयाब नहीं हुए और बम क्लब ने एक शून्य से इस मैच को जीत लिया

दूसरा मैच मगध यूनाइटेड फुटबाल अकादमी और हैंड रेस्पान्डिंग क्लब के बीच काफी जोरदार हुआ। जिसमें पहले हाफ में दोनों टीम में बराबरी पर थी दूसरे हाफ के खेल में मगध के राजा साहू अर्जुन कुमार शाबान मुअज्जम गुलशन कुमार इन सबोंने काफी अच्छे प्रयाससे मैच के 48 में मिनट पर मगध के खिलाड़ी गुलशन कुमार के क्रास पास पर शाबान मुअज्जम ने एक अच्छा गल बन अपनी टीम को बढ़त दिला दी। हिंद स्पोर्टिंग क्लब के खिलाड़ी इससे भी चुकाने वाले कहां और मौके का फायदा उठाया और बराबरी का गोल उनके खिलाड़ी रोहित कुमार द्वारा 62 में मिनट पर कर अपनी टीम को हर से बचाया और आज का मैच एक-एक की बराबरी पर समाप्त हुआ। मैच के निर्णायक हीरालाल परवेज आलम विक्रम कुमार मसूद अख्तर अजीत कुमार और खतीब अहमद थे।

अधिवक्ता के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

इमामगंज (संसू)। प्रखंड के विश्रामपुर गांव निवासी अधिवक्ता गोपाल सिंह के आकस्मिक निधनसे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि वे काफी दिनों से बीमार चल रहे थे।

रविवार को तबीयत अचानक बिगड़ने पर परिजन उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकोंने जांचके बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधनकी खबर मिलते ही गांव सहित आसपास के क्षेत्रोंमें शोक व्याप्त हो गया।

अंतिम दर्शन के लिए सैकड़ों लोग उनके घर पहुंचे। लोगों ने नम आंखोंसे उन्हें श्रद्धांजलि अर्पितकी और ईश्वरसे दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही शोकाकुल परिजनों को ढाढ़स बंधाया। उनके पुत्र निखिल सिंह सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. उनके निधन से क्षेत्र के लोगों में गहरा दुख है।

साधन कभी साध्य नहीं हो सकता : आचार्य नवीन

गया जी। रेड क्रास सोसायटी, अष्टांग योग संस्थान एवं मानव अध्ययन केंद्र के सभागारमें आयोजित आचरण ज्ञान गोष्ठीको संबोधित करते हुए आचार्य नवीन जी ने कहा कि साधन कभी साध्य नहीं हो सकता। साधन का उपयोग साध्य की प्राप्ति के लिए किया जाता है। मानव जीवन का साध्य सुख, शांति, संतोष और आनंद है, जो मानवीय आचरणके अनुरूप जीवन जीनेसे प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मानव अज्ञानतावश साधनों को ही साध्य मान बैठा है। यही कारण है कि भौतिक साधनों की प्रचुरता के बावजूद मानव जीवन में पीड़ा बनी हुई है। वास्तविक सुखके लिए साधनों के साथ सही समझ और मानवीय आचरण आवश्यक है।

आचार्य नवीन जी ने श्रम, सेवा और ज्ञानके महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा कि श्रम की सार्थकता कुशलता एवं निपुणता के साथ कार्य करने में प्रमाणित होती है, जबकि सेवा का अर्थ मूल्योंका आदान-प्रदान है। उन्होंने नवजात शिशुओं, शारी. रिक एवं मानसिक रूप से पीड़ित व्यक्तियों तथा बुजुर्गों की सेवा को विशेष रूप से आवश्यक बताया। आचार्य नवीन ने स्पष्ट किया कि मानव को समझदार होना आवश्यक है। केवल भौतिक साधनोंका संग्रह जीवन की सार्थकता नहीं है। सही समझ के आधार पर संबंधोंका निर्वाह करना, मानवीय मूल्यों को पहचानना और अपने आचरण में उन्हें प्रमाणित करना ही सुखमय जीवन का आधार है।

दीनबंधु महिला परिषद ने लगायी दीपावली पर स्वदेशी उत्पादों से बनी हस्तशिल्प प्रदर्शनी

गयाजी। स्थानीय पुरानी गोदाम स्थित श्री मारवाड़ी पंचायत भवन में दीन बंधु महिला परिषद (एकल, गया) के तत्वावधान में दीपावली के पावन अवसर पर एक भव्य हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस मेले में महिला उद्यमियोंने अपनी कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वदेशी उत्पादों के आकर्षक स्टाल लगाए, जिन्हें देखने और खरीदने के लिए खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम का उद्घाटन इनरव्हील क्लब आफ गया सनराइज की अध्यक्ष मधु प्रिया और तोषन मैतिन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मेले में दीपावली उत्सवसे जुड़ी सामग्रियोंकी एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध थी। यहाँ पारंपरिक व फैंसी दीए, खूबसूरत तोरण द्वार, आकर्षक मोमबत्तियां, लाइटिंग सामग्री, जूट व ऊन से बने उत्पाद, ड्रेस मैटेरियल्स और लजीज व्यंजनों के स्टाल्स ने दर्शकों का मन मोह लिया।

एकल गया शाखा की अध्यक्ष वीणा सुल्तानियाने अतिथियों का स्वागत किया। उद्यमी पुष्पा अग्रवाल ने दीपावली के एक से बढ़कर एक आकर्षक फैंसी आइटम्सके स्टाल लगाए। उन्होंने बताया की बिक्री की गई राशि को अनाथ बच्चोंकी पढ़ाई और बेटियोंकी शादी में भेंट किया जाएगा। इस प्रदर्शनी को सफल बनानेमें सचिव शोभा अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, स्नेहा अग्रवाल, अंशिका मैतिन, सीमा अग्रवाल, उषा कंधवे और वीणा केसरी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही।



बिहार कुम्हार समन्वय समिति पश्चिमी क्षेत्र डेल्हा की मासिक बैठक आयोजित

गयाजी। रविवार को बिहार कुम्हार (प्रजापति) समन्वय समिति पश्चिमी क्षेत्र डेल्हा का मासिक बैठक पदेन अध्यक्ष सुदामा प्रजापति की अध्यक्षता में राज कुमार प्रजापति कुजापी के निवास स्थान पर आहूत की गयी। बैठक मे युवाओं को आगे लाने पर बल दिया गया। प्रजापति समाज के समस्त बन्धुओं से समाज के प्रति समर्पण का भाव लाने के लिए प्रेरित किया गया। 'संघे शक्ति कलियुगे' इसकी सार्थकता पर चर्चा की गयी। बैठक में राजदेव प्रजा. पति, विष्णुदेव प्रजापति, राज कुमार प्रजापति, पवन कुमार, प्रभु प्रजापति, महाशिव कुमार, रवीण प्रताप, धीरज कुमार, रामप्यारे पंडित, मनोज कुमार, छोटू कुमार, सुदीप कुमार पंडित आदि मौजूद थे।

कुजेसर नदी से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

इमामगंज (संसू)। इमामगंज पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रविवार की सुबह कुजेसर नदी से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है । हालांकि पुलिसको देखते ही चालक मौके से फरार हो गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदे ट्रैक्टरको जब्त किया मामले में खनन विभाग को सूचना दी गई है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़...

प्रदेश के सभी खाद्य कारोबारियों से अपील है कि वे स्वच्छता, सुरक्षित भंडारण, गुणवत्तापूर्ण सामग्री और वैध लाइसेंस से संबंधित सभी नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। अनुचित लाभ के प्रयास में किसी प्रकार की अनियमितता या मिलावट में संलिप्त न हों।

साथ ही, आम नागरिकों से भी अपील है कि खाद्य पदार्थों की खरीदारी करते समय उनकी गुणवत्ता, पैकेजिंग और एक्सपायरी डेट अवश्य जांच लें। जनस्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाग की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

नीतीश से मेरी कोई दूरी...

छोड़ने की बात कही. हालांकि उन्होंने अपने अंदाज में कहा कि, वो अपनी पार्टी बना लेंगे. अनंत सिंह ने कहा कि कुछ अगर पार्टी नहीं है, भविष्य देख रहे हैं. जदयू खत्म है, निकाल ले. इलेक्शन होगा, पता लग जाएगा. प्रधानमंत्री पद, मंत्री पद बैठा ले, पता लग जाएगा. इलेक्शन में 10 सीट भी नहीं आएगा. उन्होंने कहा कि, नीतीश जी से कोई दूरी नहीं है, कोई लड़ाई नहीं है. बीमार रहते हैं. कभी जाकर भेंट करेंगे. कोई दिक्कत नहीं है.

वाराणसी में 'विंग्स ओवर...

नमो घाट तक पहुंचे। वाराणसी में गंगा के तट पर भारतीय वायु सेना की ताकत, आधुनिक तकनीक और युद्धक तैयारियों का शानदार प्रदर्शन हुआ। नमो घाट पर आयोजित 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो के समापन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वायु सेना प्रमुख और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। भारतीय वायु सेना के 94वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित इस विशेष हवाई प्रदर्शन में देश की हवाई शक्ति से लेकर भविष्य के युद्धक्षेत्र के लिए तैयारियों तक की झलक देखने को मिली।

भारतीय वायु सेना ने इस एयर शो के जरिए केवल पारंपरिक फ्लाईपास्ट नहीं, बल्कि वास्तविक युद्ध परिस्थितियों से प्रेरित अभ्यासों और आधुनिक सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन किया। आज के इस अंतिम कार्यक्रम में लड़ाकू विमानों की विशेष फॉर्मेशन, हवाई युद्ध का सिमुलेशन, अत्याधुनिक सेंसर तकनीक और एरोबैटिक टीमों के करतब प्रमुख आकर्षण रहे।

इस बड़े हवाई प्रदर्शन के लिए देश के 12 एयरबेस से करीब 100 विमानों की भागीदारी निर्धारित की गई। इनमें लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और परिवहन विमान शामिल हैं। इस अभियान में भारतीय थल सेना, नौसेना और वायु सेना के बीच सटीक तालमेल भी देखने को मिला। इस प्रदर्शन का उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों की संयुक्त क्षमता, आधुनिक युद्ध प्रणालियों और विभिन्न सैन्य प्लेटफॉर्म के बीच समन्वय को प्रदर्शित करना है।

आज के एयर शो का सबसे बड़ा आकर्षण छह अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमानों की एरोहेड फॉर्मेशन रहा। इसमें सुखोई-30 एमकेआई, राफेल, जगुआर, मिराज-2000, एलसीए तेजस और मिग-29 ने एक साथ उड़ान भरी। एक ही फॉर्मेशन में भारतीय वायु सेना के इन छह अलग-अलग लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन ने उनकी क्षमताओं, पायलटों के कौशल और सटीक तालमेल की झलक पेश की। इस प्रदर्शन में विमानों की गति, फॉर्मेशन बनाए रखने की क्षमता और मिशन के दौरान आपसी समन्वय पर खास ध्यान रखा गया। वास्तविक हथियारों के साथ उड़ान भरने वाले विमान भी शामिल रहे।

रविवार को प्रदर्शन में दर्शकों को हवाई युद्ध की रणनीति का सिमुलेशन भी देखने को मिला। दो जगुआर विमानों ने मालवीय पुल के ऊपर तेज गति से हमले का अभ्यास किया, जबकि एक सुखोई-30 एमकेआई ने उन्हें रोकने के लिए इंटरसेप्शन का अभ्यास किया। इस अभ्यास के जरिए यह दिखाया गया कि हवाई युद्ध के दौरान लड़ाकू विमान किस तरह संभावित खतरे का जवाब देते हैं और किस तरह अलग-अलग विमानों के बीच तालमेल के जरिए मिशन को अंजाम दिया जाता है।

एयर शो में सुखोई-30 एमकेआई का तेज गति वाला वर्टिकल मैन्यूवर भी खास आकर्षण रहा। एक सुखोई ने दर्शक दीर्घा के सामने यह करतब दिखाया, जबकि दूसरा सुखोई-30 एमकेआई ने लगभग 8,000 फीट की ऊंचाई से इन्फ्रारेड इमेजिंग पॉड की मदद से पूरे प्रदर्शन को रिकॉर्ड किया।यह प्रदर्शन लड़ाकू विमानों की उड़ान क्षमता के साथ-साथ आधुनिक सेंसर और इमेजिंग तकनीक की भूमिका को भी सामने लेकर आया।

इस आयोजन में भारतीय नौसेना का समुद्री निगरानी विमान ने भी अहम भूमिका निभाई। इस विमान ने चेन्नई के पास अरक्कोनम से उड़ान भरकर ग्वालियर के ऊपर मिराज-2000 लड़ाकू विमानों के साथ तालमेल किया और फिर वाराणसी में एयर शो का हिस्सा बना। इस गतिविधि से अलग-अलग सैन्य प्लेटफॉर्म के बीच समन्वय और तीनों सेनाओं की संयुक्त परिचालन क्षमता को प्रदर्शित किया गया। रविवार को भव्य एयर शो का समापन भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण एरोबैटिक टीम और सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम के शानदार हवाई करतबों के साथ हुआ। सूर्य किरण टीम ने अपने सटीक फॉर्मेशन और एरोबैटिक प्रदर्शन से आसमान में रोमांच पैदा किया, जबकि सारंग टीम के हेलीकॉप्टर ने अपनी उड़ान क्षमता और समन्वय का प्रदर्शन किया।

नियुक्ति का इंतजार कर रहे...

डाटा एंट्री ऑपरेटरों की भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2024 में शुरू हुई थी. अप्रैल 2025 में परीक्षा परिणाम जारी किया गया और मई-जून 2025 में दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई. इसके बावजूद चयनित 5000 अभ्यर्थियों के पैनल में शामिल सभी लोगों की नियुक्ति अब तक नहीं हो सकी है.

अभ्यर्थियों ने नीतीश कुमार से आग्रह किया कि शेष अभ्यर्थियों को अविलंब नियुक्ति पत्र दिलाने की दिशा में पहल की जाए. उन्होंने यह भी मांग की कि सभी नवनियुक्त डाटा एंट्री ऑपरेटरों को बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) की ओर से एक सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जाए.

नीतीश कुमार ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना. उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग से आग्रह कर अभ्यर्थियों की मांगों पर जल्द उचित कार्रवाई सुनिश्चित कराने का प्रयास करेंगे. उनके इस आश्वासन के बाद अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रक्रिया में आगे की कार्रवाई की उम्मीद है.

पटना में खरगे का पीएम...

बनी हैं, उन्हें हटाने की मांग की. खड़गे ने इन सरकारों को %चोरी से बनी सरकारें% बताया. उनका आरोप था कि पश्चिम बंगाल, हरियाणा, बिहार और महाराष्ट्र में वोट चोरी के जरिए सरकारें बनाई गई हैं.

खरगे ने सभी चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग उठाई. उन्होंने स्क्रूक्रयानी मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को तुरंत रोकने की बात कही. बिहार के लोगों से इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन में शामिल होने की अपील करते हुए इसे आजादी की दूसरी लड़ाई बताया. साथ ही, बीजेपी और आरएसएस पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया.

यह कार्यक्रम बिहार के पहले मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती के मौके पर आयोजित किया गया था. खड़गे ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए आधुनिक बिहार के निर्माण में उनके योगदान को याद किया. इस दौरान उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण सिंह ने लोकतंत्र को मजबूत करने के साथ कमजोर वर्गों को आगे बढ़ाने के लिए काम किया था. जमींदारी प्रथा खत्म करने में भी उनकी अहम भूमिका रही. इसके अलावा, कृषि, उद्योग, शिक्षा और सिंचाई के विकास के लिए संस्थाएं बनाने में उनके योगदान का भी जिक्र किया गया.

खरगे ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राजनीति पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार समाजवादी आंदोलन की सोच से निकले नेता रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद वह बीजेपी और आरएसएस के साथ चले गए. कांग्रेस के बलिदानों का जिक्र करते हुए खड़गे ने कहा कि इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी तक ने देश के लिए कुर्बानी दी. राहुल गांधी के संघर्ष का भी उल्लेख किया.

अंतरराष्ट्रीय नशीले पदार्थों के...

किए गए, 17.82 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई, 500 डेटोनेटर और 12 लाख रुपये नकद बरामद किए गए, और 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया। बता दें कि अमित शाह ने पहले नशीले पदार्थों को भारत की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बताया था और कहा था कि अगर इसे नहीं रोका गया, तो यह देश की तरक्की को बर्बाद कर सकता है। उन्होंने घोषणा की थी कि केंद्र सरकार दिसंबर 2029 तक देश को नशा मुक्त बना देगी। 21 अक्टूबर को नई दिल्ली में %नेशनल पुलिस मेमोरियल% से दिए गए अपने संदेश में, उन्होंने देश भर के पुलिस बलों से अपील की थी कि वे भारत को नशा मुक्त बनाने और इस खतरे को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हों।

उन्होंने कहा था कि पुलिस बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों ने भारत के विकास में अहम भूमिका निभाई है, जिसमें नक्सलियों से निपटना और नशीले पदार्थों के खिलाफ देश की लड़ाई शामिल है। शाह ने कहा, ये अमर नायक अपने इस संकल्प पर अडिग रहे कि देश की जमीन का एक इंच भी हिस्सा विदेशी हाथों में नहीं जाना चाहिए, और उन्होंने अपना कर्तव्य निभाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। तब से, हर साल 21 अक्टूबर को %पुलिस स्मृति दिवस% के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने आगे कहा, कोई सोच भी नहीं सकता कि अगर इन जवानों ने देश की आंतरिक सुरक्षा और सीमाओं की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान न दिया होता, तो आज हम कहाँ खड़े होते।

'वोकल फॉर लोकल' से...

हम रहते हैं। हमारी छोटी-छोटी कोशिशें ही हमारे आसपास बड़े बदलाव ला सकती हैं। मन की बात के 139वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल क्षेत्र में लोगों ने मिलकर %हेवल% नदी में नई जान फूंकने की कोशिश की है। कुछ समय पहले, हेवल नदी का जलस्तर घटने लग था और आस-पास के प्राकृतिक जल स्रोत भी सूख रहे थे। इसके जवाब में स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों ने मिलकर नदी को बचाने के लिए एक अभियान शुरू किया। इस पहल के तहत, बारिश के पानी को संचित करने, भूजल स्तर को फिर से बढ़ाने (ग्राउंडवाटर रिचार्ज) और बड़ी संख्या में पेड़ लगाने के उपाय किए गए। आज, इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, हेवल नदी फिर से जीवित हो उठी है और दर्जनों प्राकृतिक जल स्रोत भी बहाल हो गए हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि इस पहल के तहत यहां बिना केमिकल का इस्तेमाल किए ऑर्गेनिक कपास उगाई जाती है।

यहां प्राकृतिक रंगों वाली कपास भी उगाई जाती है, इससे तैयार धागे और कपड़े को रंगने के लिए अलग से केमिकल इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ती। आप कल्पना कर सकते हैं, इससे पर्यावरण की कितनी बड़ी मदद हो रही है।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८०००० १ से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष-३१ संख्या-०९७३९२३
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

पीबीएक्स : २२३५०७०-७१, ७२
स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०
इ-मेल : **patnaaj@gmail.com**
पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या : R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।